out in consultation with mutual funds; and

(c) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. K. THUNGON): (a) to (c) No, Sir. No privatisation has been initiated. However, disinvestment in selected Public Sector Enterprises upto 20 per cent to Mutual Fund is being considered and packets work out in consultation with Mutual Funds are under process.

फ्लटेड कारखानों के आवंटियों के लिए स्वामित्व अधिकार

3179. **श्री कृष्ण लाल शर्मा :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ओखला में दिल्ली प्रशासन द्वारा बनाए गए फ्लेटेड कारखानों के आवंटियों के लिए स्वामित्व अधिकार दिए जाने का प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो उनसे क्या कीमत वसूल किए जाने की प्रस्ताव है ;

(ग) यह लागत निर्धारित करने का आधार क्या है ; और

(घ) यह काम कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन) : (क) दिल्ली प्रशासन के अनुसार, ओखला स्थित फ्लेटेड कारखाने किराया-खरीद लागत के पूरे भुगतान के बाद आवंटियों को स्थायी पट्टे के आधार पर हस्तांतरित करने का प्रस्ताव है ।

(ख) वसूल की जाने वाली कीमत का हिसाब हर मामले में अलग से लगाया जाता है ।

(ग) काम्पलैक्स में दो आकार के फ्लैटेड कारखाने हैं । हर आकार के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा निकाली गयी लागत 31-12-86 को इस प्रकार थी :-

क्रम सं०	फ्लैट का आकार	31-12-86 को लागत
	वर्ग मी	रु०
1.	46.00	1,36,318.00
2.	44.69	1,32,436.00

31-12-91 को देय लागत 1-1-87 से 31-12-91 तक की अवधि के लिए 12.25% की दर से ब्याज जोड़कर निकाली गयी है और फिर 31-12-86 तक की अवधि के दौरान पहले ही से दिए गए किराए को समायोजित करने के बाद इसे पांच किस्तों में विभाजित किया गया है, फिर देय किस्तों को 12.25% की दर से पूंजी में बदला गया है । 1-1-1987 से दिए गए किराए को किराया-खरीद लागत की किश्त का एक हिस्सा माना गया है ।

(घ) पात्र एककों के संबंध में इस योजना के 31-12-91 तक पूरा हो जाने की संभावना है ।

लघु उद्योग सेवा संस्थान पर होने वाला व्यय

3180. **श्री कृष्ण लाल शर्मा :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) लघु उद्योग सेवा संस्थान पर कुल कितना वार्षिक व्यय किया जा रहा है ;

(ख) इन संस्थान में कुल कितने मूल्य के उपकरण और मशीनें हैं ; और

(ग) 1990-91 और अप्रेल, 1991 से अक्टूबर, 1991 के दौरान संस्थान में उपलब्ध संसाधनों से लाभान्वित उद्यमियों की संख्या क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०जे० कुरियन) : (क) वर्ष 1990-91 में लघु उद्योग सेवा संस्थानों तथा उनकी शाखाओं एवं विस्तार केंद्रों पर कुल 1296.31 लाख रु० का व्यय हुआ था ।

(ख) इन संस्थानों की कार्यशालाओं के संयंत्र तथा मशीनों का कुल मूल्य लगभग 500 लाख रु० है ।

(ग) इन संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों से 1990-91 और अप्रेल, से